**R/P/P/2025/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**251010641**

**SET A**

विषय-हिन्दी
**Subject-HINDI**
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-10
**Subject-Code-10**

नाम
**Name** ____________

अनुक्रमांक
**Roll No.** | | | | | | |

← परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 12 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु — अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है। उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें।
2. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है। ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 1-50) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 51-150) |

3. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है। परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों। अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें।
4. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
6. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है।
7. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
8. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे।
9. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.
2. In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.

| | | |
|---|---|---|
| Paper I | General paper | (Q. No. 1-50) |
| Paper II | Question paper on the Subject opted by the examinee | (Q. No. 51-150) |

3. No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.
4. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.
5. Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
6. Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.
7. Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.
8. Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.
9. Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.



SEAL

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer.in

51. राज्य और संघ के बीच में संचार के लिए राजभाषा का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ?
(A) अनुच्छेद 343
(B) अनुच्छेद 345
(C) अनुच्छेद 346
(D) अनुच्छेद 344

52. 'भवसागर' शब्द में निम्नलिखित में से कौनसा समास है ?
(A) द्वन्द्व
(B) कर्मधारय
(C) बहुव्रीहि
(D) अव्ययीभाव

53. वह शब्दांश या अव्यय, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है, उसको कहते हैं :
(A) प्रत्यय
(B) विसर्ग
(C) समास
(D) उपसर्ग

54. निम्नलिखित में से 'ध्वनि' का पक्ष नहीं है ?
(A) 'संवहन'
(B) 'क्षमता'
(C) 'उत्पादन'
(D) 'ग्रहण'

55. 'प्रबल' शब्द निम्नलिखित में से किस प्रकार का विशेषण है ?
(A) संकेतवाचक
(B) परिमाणबोधक
(C) संख्यावाचक
(D) गुणवाचक

56. 'प्राचीन भारतीय आर्यभाषा' के अन्तर्गत आने वाली 'लौकिक संस्कृत' की समय-सीमा है :
(A) 1000 ई.पू. से 500 ई.पू.
(B) 500 ई.पू. से 1 ईसवी
(C) 500 ई.पू. से 1000 ई.
(D) 1500 ई.पू. से 1000 ई.

57. इनमें से 'ओकार बहुला' बोली नहीं है :
(A) ब्रज
(B) कन्नौजी
(C) हरियाणवी
(D) बुन्देली

58. 'वह कौनसा मनुष्य है, जिसने महाप्रतापी विक्रमादित्य का नाम न सुना हो ।'—रचना की दृष्टि से यह इनमें से किस प्रकार का वाक्य है ?
(A) मिश्र वाक्य
(B) सरल वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) क्रियाविशेषण उपवाक्य

59. 'रेगिस्तान' इनमें से किस प्रकार का संज्ञा शब्द है ?
(A) भाववाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) जातिवाचक
(D) निजवाचक

60. आधुनिक भारतीय भाषा 'बंगाली' की उत्पत्ति निम्नलिखित में से किस अपभ्रंश से हुई है ?
(A) शौरसेनी
(B) मागधी
(C) अर्धमागधी
(D) ब्राचड़

61. "आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने आदिकाल को वीरगाथा काल नाम बहुत समझ-बूझकर दिया है ।" यह कथन किस आलोचक का है ?
(A) रामचन्द्र तिवारी
(B) नामवर सिंह
(C) रामविलास शर्मा
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

mpcareer.in

62. देव द्वारा प्रस्तावित 'छल' संचारीभाव का अन्तर्भाव आचार्य शुक्ल ने किसमें माना है ?

(A) अपस्मार (B) अवहित्था

(C) अवमर्ष (D) अलसता

63. निम्नलिखित में से कौनसा मिश्र बंधुओं द्वारा किया गया काल-विभाजन या नामकरण नहीं है ?

(A) उन्मेष काल (B) परिवर्तन काल

(C) माध्यमिक काल (D) अलंकृत काल

64. "सबसे उत्तम कहानी वह होती है, जिसका आधार किसी मनोवैज्ञानिक सत्य पर हो ।" यह कथन किस कथाकार का है ?

(A) अज्ञेय (B) प्रसाद

(C) प्रेमचन्द (D) जैनेन्द्र

65. सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए :

| सूची-I (रचना) | सूची-II (रचनाकार) |
|---|---|
| (1) रस भूषण | (I) श्रीपति |
| (2) छन्द प्रकाश | (II) याकूब खाँ |
| (3) नीतिशतक | (III) भिखारीदास |
| (4) कविकल्पद्रुम | (IV) देव |

(A) (1)-II (2)-III (3)-IV (4)-I

(B) (1)-III (2)-II (3)-I (4)-IV

(C) (1)-I (2)-II (3)-III (4)-IV

(D) (1)-IV (2)-III (3)-II (4)-I

66. "पंत के शब्द यदि कुसुम हैं तो महादेवी वर्मा के पद माणिक्य ।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) आचार्य शुक्ल (B) नामवर सिंह

(C) परमानंद श्रीवास्तव (D) दूधनाथ सिंह

67. "हाल की सत्तसई प्राकृत कविताओं का अपूर्व संग्रह है ।" यह कथन किस साहित्यकार का है ?

(A) माताप्रसाद गुप्त

(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(C) मैनेजर पांडेय

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

68. सुमेलित जोड़ी का चयन कीजिए :

| | रचना | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|---|
| (1) | पल्लव | 1922 |
| (2) | परिमल | 1929 |
| (3) | शुद्ध कविता की खोज | 1966 |

(A) 1, 2 (B) 2, 3

(C) 1, 3 (D) इनमें से कोई नहीं

69. "भल्ला हुआ जु मारिया बहिणि महारा कंतु।" किस आदिकालीन कवि की पंक्ति है ?

(A) पुष्पदंत (B) अब्दुर्रहमान

(C) हेमचन्द्र (D) सोमप्रभ सूरी

70. 'पृथ्वी प्रदक्षिणा' नामक यात्रावृत्त किसके द्वारा रचित है ?

(A) राहुल सांकृत्यायन

(B) सत्यदेव परिव्राजक

(C) बाबू शिवप्रसाद गुप्त

(D) कौसल्यायन

71. रहत घर न वर धाम धन, तरुवर सरवर कूप।
जस शरीर जग में अमर, भव्य काव्य रस रूप ।।
काव्य-प्रयोजन के संबंध में उक्त पंक्ति किसकी है ?

(A) भिखारीदास (B) देव
(C) चिन्तामणि (D) कुलपति मिश्र

72. 'प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म' के लेखक हैं :

(A) आई.ए. रिचर्ड्स (B) टी.एस. इलियट
(C) वर्ड्सवर्थ (D) कॉलरिज

73. निम्नलिखित में से 'निर्वैयक्तिकता का सिद्धान्त' किसका है ?

(A) प्लेटो (B) अरस्तू
(C) टी.एस. इलिएट (D) कॉलरिज

74. रीति की व्याख्या 'मार्ग' के रूप में करने वाले आचार्य हैं :

(A) दण्डी (B) कुन्तक
(C) आनन्दवर्धन (D) रुद्रट

75. निम्नलिखित में से किसने संयोग का अर्थ व्यंग्य-व्यंजक माना है ?

(A) भट्टनायक (B) भट्टलोल्लट
(C) शंकुक (D) अभिनवगुप्त

76. राम हृदय जाके नहीं, बिपति सुमंगल ताहि ।
राम हृदय जाके, नहीं बिपति सुमंगल ताहि ।।
–इस पंक्ति में अलंकार है :

(A) छेकानुप्रास (B) लाटानुप्रास
(C) श्रुत्यानुप्रास (D) वृत्यानुप्रास

77. निम्नलिखित में से किस समीक्षा का ध्यान कृति की भाषिक संरचना पर केन्द्रित रहा ?

(A) मार्क्सवादी समीक्षा
(B) स्वच्छन्दतावादी समीक्षा
(C) मनोवैज्ञानिक समीक्षा
(D) नयी आलोचना

78. कला को 'साधारण मूल्यों का सिद्धांत' कहा है :

(A) कालरिज ने (B) इलियट ने
(C) रिचर्ड्स ने (D) वर्ड्सवर्थ ने

79. 'मिथक' शब्द के लिए प्रयुक्त शब्द नहीं है :

(A) दंतकथा (B) धर्मगाथा
(C) पुराकथा (D) तार्किक संवाद

80. 'काव्यं ग्राह्यमलंकारात्' उक्ति है :

(A) वामन की (B) रुद्रट की
(C) दण्डी की (D) भामह की

81. 'नासिकेतोपाख्यान' किसकी रचना है ?

(A) राजा लक्ष्मण सिंह

(B) रामजी तिवारी

(C) लल्लू लाल

(D) सदल मिश्र

82. सन् 1834 में कमेटी ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शंस का अध्यक्ष कौन बना ?

(A) थॉमस रैकी

(B) थॉमस बैबिंगटन मैकाले

(C) रिचर्ड विलियम

(D) हेराल्ड विलसन

83. फोर्ट विलियम कॉलेज में गिलक्रिस्ट के बाद हिन्दुस्तानी विभाग का अध्यक्ष का पद किसे मिला ?

(A) जेम्स मोअट (B) मैकाले

(C) विलियम डार्क (D) विलसन जॉन

84. 'सत्यार्थ प्रकाश' का प्रकाशन किस वर्ष में हुआ ?

(A) 1875 (B) 1876

(C) 1874 (D) 1871

85. 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना कब हुई ?

(A) 1886 (B) 1893

(C) 1889 (D) 1887

86. "वस्तुत: भारतेन्दु की व्यापक राष्ट्रीयता में सभी धर्मों और सभी भाषाओं को सम्मानपूर्ण स्थान प्राप्त था ।" यह कथन किसका है ?

(A) मुक्तिबोध

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त

87. 'गांधीवाद' को किशोरलाल मशरूवाला ने कितने भागों में विभक्त किया ?

(A) तीन (B) चार

(C) दो (D) छह

88. 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना कब हुई ?

(A) 1880 (B) 1873

(C) 1875 (D) 1870

89. उत्तर आधुनिकता को आधुनिकता का विस्तार किसने माना है ?

(A) जॉन बार्थ (B) ल्योतार

(C) एनलस हैलर (D) हैबरमास

90. 'अखिल भारतीय महिला परिषद' कब अस्तित्व में आई ?

(A) 1897 (B) 1925

(C) 1927 (D) 1946

mpcareer.in

91. निम्नलिखित में सुमेलित है :

(A) रेवातट—27वाँ समय

(B) श्रद्धा—07वाँ सर्ग

(C) सुन्दरकाण्ड—07वाँ काण्ड

(D) कयमासवध—87वाँ समय

92. ''मो सम दीन न दीन हित,
तुम्ह समान रघुवीर ।
अस बिचारि रघुबंसमनि,
हरहु बिषम भव भीर ।।''

उपर्युक्त दोहा श्रीरामचरितमानस के किस काण्ड से उद्धृत है ?

(A) उत्तरकाण्ड से (B) लङ्काकाण्ड से

(C) अयोध्याकाण्ड से (D) बालकाण्ड से

93. "यह कविता देश के आधुनिक जन-इतिहास का, स्वतन्त्रता-पूर्व और पश्चात् का एक दहकता इस्पाती दस्तावेज है ।''

'अँधेरे में' नामक कविता के सन्दर्भ में यह कथन है :

(A) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना का

(B) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' का

(C) शमशेर बहादुर सिंह का

(D) शकुन्त माथुर का

94. दिनकर-कृत 'रश्मिरथी' में कितने सर्ग हैं ?

(A) सात (B) नौ

(C) ग्यारह (D) तेरह

95. ''उर में भर झूली छवि सुन्दर,
प्रिय की अशब्द शृङ्गार-मुखर
तू खुली एक उच्छ्वास-सङ्ग,
विश्वास-स्तब्ध बँध अङ्ग-अङ्ग

ये पङ्क्तियाँ हैं :

(A) 'सरोज-स्मृति' की

(B) 'जुही की कली' की

(C) 'उर्वशी' की

(D) 'कलगी बाजरे की' की

96. "लाख पंछी, सौ हिरन-दल,
चाँद के कितने किरन-दल,
झूमते वन-फूल, फलियाँ,
खिल रहीं अज्ञात कलियाँ
हरित दूर्वा, रक्त किसलय,
पूत पावन पूर्ण रसमय''

कविता-पङ्क्तियाँ हैं :

(A) 'हरी घास पर क्षण भर' से

(B) 'सतपुड़ा के जङ्गल' से

(C) 'द्रुत झरो जगत् के पत्र जीर्ण' से

(D) 'अकाल और उसके बाद' से

97. "उसकी आँखों में
चमकता हुआ भाईचारा
किसी भी रोज़ तुम्हारे
चेहरे की हरियाली को
बेमुरव्वत, चाट सकता है"

इन पङ्क्तियों को लिखा है :

(A) सुदामा पाण्डेय धूमिल ने

(B) वैद्यनाथ मिश्र 'नागार्जुन' ने

(C) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' ने

(D) भवानीप्रसाद मिश्र ने

98. "नारी! तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत नग पग तल में;
पीयूष स्रोत-सी बहा करो
जीवन के सुन्दर समतल में ।"

महाकवि जयशङ्कर प्रसाद रचित उपर्युक्त पङ्क्तियाँ उद्धृत हैं :

(A) वासना (कामायनी) सर्ग से

(B) लज्जा (कामायनी) सर्ग से

(C) इड़ा (कामायनी) सर्ग से

(D) श्रद्धा (कामायनी) सर्ग से

99. (क) काम-क्रोध दोउ भये विकारा,
आप हि आप जरै संसारा ॥

(ख) मोहि अचम्भो आवत ऐसे ।
वामें जीव बसत है कैसे ॥

(ग) बदरा बरसै रितु मैं घिरिकै
नित ही अँखियाँ उघरी बरसैं

(घ) खरग बीज चमकै चहुँ ओरा ।
बुन्दबान बरिसै घन घोरा ॥

उपर्युक्त पङ्क्तियों के रचनाकारों का सही क्रम होगा :

(A) कबीर, खुसरो, घनानन्द, जायसी

(B) जायसी, कबीर, खुसरो, घनानन्द

(C) खुसरो, घनानन्द, जायसी, कबीर

(D) जायसी, कबीर, घनानन्द, खुसरो

100. "सतसैया के दोहरे, ज्यों नावक के तीर ।
देखन में छोटे लगैं, बेधैं सकल शरीर ॥"

इस दोहोक्ति के लक्ष्य-कवि के रूप में किसका नाम आता है ?

(A) देव का
(B) सेनापति का
(C) बिहारी का
(D) विद्यापति का

101. निम्नलिखित उपन्यासों को रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) रागदरबारी, शेखर : एक जीवनी, धरती धन न अपना, जिंदगीनामा ।

(B) शेखर : एक जीवनी, रागदरबारी, धरती धन न अपना, जिंदगीनामा ।

(C) शेखर : एक जीवनी, धरती धन न अपना, रागदरबारी, जिंदगीनामा ।

(D) शेखर : एक जीवनी, धरती धन न अपना, जिंदगीनामा, रागदरबारी ।

102. निम्नलिखित में से साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कृति कौनसी है ?

(A) जिंदगीनामा

(B) झूठा सच

(C) दोनों (A) और (B)

(D) आपका बंटी

103. इन सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| सूची I (पात्र) | सूची II (उपन्यास) |
|---|---|
| (a) महामाया | (1) मानस का हंस |
| (b) रत्नावली | (2) परीक्षागुरु |
| (c) कामिनी | (3) गोदान |
| (d) गोविंदी | (4) बाणभट्ट की आत्मकथा |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (B) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (C) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (D) | (4) | (1) | (2) | (3) |

104. निम्नलिखित उपन्यासों को रचनाकाल के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) तमस, आपका बंटी, मैला आँचल, बाणभट्ट की आत्मकथा

(B) आपका बंटी, तमस, मैला आँचल, बाणभट्ट की आत्मकथा

(C) बाणभट्ट की आत्मकथा, मैला आँचल, आपका बंटी, तमस

(D) मैला आँचल, बाणभट्ट की आत्मकथा, तमस, आपका बंटी

105. 'शेखर : एक जीवनी' में..................को प्रति हिंसा का यंत्र कहा गया है ।

(A) मृत्यु (B) फाँसी

(C) अपराध (D) दण्ड

106. 'धरती धन न अपना' उपन्यास में माँ एवं पुत्र/पुत्री के रूप में चित्रित निम्नलिखित पात्रों को सुमेलित कीजिए :

| सूची I (माँ) | सूची II (पुत्र/पुत्री) |
|---|---|
| (a) निहाली | (1) ज्ञानों |
| (b) जस्सो | (2) लच्छो |
| (c) प्रीतो | (3) जीतू |
| (d) ठाकुरी | (4) बंतू |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (4) | (2) | (1) |
| (B) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (D) | (3) | (1) | (2) | (4) |

107. 'मानस का हंस' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(A) ऐतिहासिक उपन्यास

(B) मनोवैज्ञानिक उपन्यास

(C) जीवनीपरक उपन्यास

(D) आंचलिक उपन्यास

108. 'तमस' उपन्यास के संबंध में निम्नलिखित में से क्या असत्य है ?

(A) 'तमस' उपन्यास 2 भागों में विभक्त है।

(B) हरनाम सिंह ठोक इलाहीबख्श में चाय की दुकान चलाता था ।

(C) इकबाल सिंह हरनाम सिंह का बेटा था।

(D) हरनाम सिंह को करीमखान की पत्नी ने अपने घर में पनाह दी थी ।

109. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है ?

(A) 'आपका बंटी' में विवाह-विच्छेद और पुनर्विवाह पर विचार किया गया है ।

(B) 'गोदान' में प्रेमचंद ने राय साहब के मुख से जमींदारी प्रथा की बुराइयों का उल्लेख करवाया है ।

(C) 'शेखर : एक जीवनी' विभाजन केन्द्रित उपन्यास है ।

(D) 'मैला आँचल' के कथानक के केन्द्र में पूर्णिया जिले का मेरीगंज इलाका है ।

110. 'जिंदगीनामा' उपन्यास में निम्नलिखित में से कौनसा पात्र नहीं है ?

(A) हरनाम सिंह (B) दीदार सिंह

(C) साहिब सिंह (D) काशी शाह

111. 'राजा निरबंसिया' कहानी में बचन सिंह क्या है ?

(A) मुहर्रिर (B) कंपाउंडर

(C) डॉक्टर (D) मरीज

112. निम्नलिखित में से 'लाल पान की बेगम' कहानी के पात्र हैं :

(1) बिरजू (2) मखनी फुआ

(3) कमला (4) जगपती

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 और 2 (B) 1, 2 और 3

(C) 2 और 3 (D) 3 और 4

113. इस बात की ओर न उनका और न उनकी कुशल गृहिणी का ध्यान गया था । मिस्टर शामनाथ, श्रीमती की ओर घूमकर अंग्रेजी में बोले, "माँ का क्या होगा ?" ये पंक्तियाँ किस कहानी से ली गई हैं ?

(A) राही

(B) कानों में कंगना

(C) अपना-अपना भाग्य

(D) चीफ की दावत

114. 'तीसरी कसम' का हिरामन कितने साल से गाड़ी हाँकने का काम करता है ?

(A) 16 (B) 18

(C) 20 (D) 25

115. 'पिता' कहानी के अनुसार पिता कौनसे ग्रंथ पढ़ते थे ? सही युग्म का चयन कीजिए ।

(A) रामायण-महाभारत

(B) रामायण-रामचरितमानस

(C) रामायण-गीता

(D) रामचरितमानस-गीता

116. निम्नलिखित में से कौनसा पात्र 'सिक्का बदल गया' कहानी का नहीं है ?

(A) शाहजी (B) चंदा

(C) शेरा (D) हुसैना

117. 'गैंग्रीन' कहानी की मालती बचपन में कैसी लड़की थी ?

(1) पुस्तकें पढ़ने की शौकीन लड़की थी ।

(2) सरल और शांत लड़की थी ।

(3) उद्धत और चंचल लड़की थी

(4) चोरी से क्लास से भागने वाली लड़की थी ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) 1, 3 और 4 (B) 1 और 2

(C) 3 और 4 (D) केवल 1

118. "मेरे लिए सब भूमि मिट्टी है; सब जल तरल है; सब पवन शीतल है । कोई विशेष आकांक्षा हृदय में अग्नि के समान प्रज्वलित नहीं । सब मिलाकर मेरे लिए एक शून्य है।" यह कथन 'आकाशदीप' कहानी के किस पात्र का है ?

(A) बुधगुप्त (B) जया

(C) मणिभद्र (D) चंपा

119. 'उसने कहा था' कहानी के इन वाक्यों को, कहानी में आने के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए :

(1) हट जा पुत्ताँ प्यारिए;

(2) हट जा करमावालिए;

(3) बच जा, लम्बी उमराँवालिए !

(4) हट जा जीणे जोगिए;

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 4, 2, 1, 3 (B) 3, 1, 2, 4

(C) 1, 2, 3, 4 (D) 2, 3, 4, 1

120. 'ईदगाह' कहानी के आधार पर सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

| सूची I (चरित्र) | सूची II (खिलौने) |
|---|---|
| (a) महमूद | (I) धोबिन |
| (b) मोहसिन | (II) वकील |
| (c) नूरे | (III) भिश्ती |
| (d) सम्मी | (IV) सिपाही |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a)-III (b)-IV (c)-I (d)-II

(B) (a)-I (b)-III (c)-II (d)-IV

(C) (a)-IV (b)-III (c)-II (d)-I

(D) (a)-II (b)-I (c)-IV (d)-III

121. नारायणदास और गोवर्धनदास किस हिंदी नाटक के प्रमुख पात्र हैं ?

(A) महाभोज

(B) अंजो दीदी

(C) अंधेर नगरी

(D) एक और द्रोणाचार्य

122. भवानी व नरोत्तम निम्नलिखित में से किस नाटक के पात्र हैं ?

(A) महाभोज (B) अंजो दीदी

(C) आधे-अधूरे (D) सिंदूर की होली

123. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में रामगुप्त किसे 'नीतिशास्त्र का बृहस्पति' कहकर संबोधित करता है ?

(A) शिखर स्वामी (B) शकराज

(C) ध्रुवस्वामिनी (D) चंद्रगुप्त

124. 'कविता करना अनंत पुण्य का फल है ।' यह कथन किसका है ?

(A) मातृगुप्त (B) पर्णदत्त

(C) धातुसेन (D) स्कंदगुप्त

125. 'कालिदास आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए बाध्य नहीं है', यह कथन किसका है ?

(A) कालिदास (B) मल्लिका

(C) विलोम (D) दंतुल

126. चंद्रगुप्त की माता का नाम है :

(A) मालविका (B) कार्नेलिया

(C) अलका (D) मौर्यपत्नी

127. बकरी पर भाषण देने विदेश जाने की बात कौन करता है ?

(A) दुर्जन (B) कर्मवीर

(C) सत्यवीर (D) भिश्ती

128. "इस कृति का पूरा जटिल वितान जब मेरे अंतर में उभरा तो मैं असमंजस में पड़ गया। थोड़ा डर भी लगा.। लगा कि इस अभिशप्त भूमि पर एक कदम भी रखा कि फिर बचकर नहीं लौटूँगा ।" उक्त वाक्यांश धर्मवीर भारती जी ने अपनी किस कृति के लिए कहा है ?

(A) गुनाहों का देवता (B) सात गीत वर्ष

(C) अंधायुग (D) ठंडा लोहा

129. 'बकरी' नाटक का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1968 (B) 1974

(C) 1978 (D) 1981

130. 'आषाढ़ का एक दिन' में कालिदास किस प्रदेश का शासन सँभालते हैं ?

(A) कश्मीर (B) उज्जयिनी

(C) कांची (D) मगध

131. 'कैसा ही विषय हो, वे उसमें विनोद और मनोरंजन की सामग्री ढूँढ़ लेते थे ।'. रामचंद्र शुक्ल का यह कथन किस निबंधकार के बारे में है ?

(A) भारतेंदु हरिश्चन्द्र (B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) बालमुकुन्द गुप्त

132. रामचंद्र शुक्ल का निबंध 'कविता क्या है'–किस प्रकार का निबंध है ?

(A) मनोवैज्ञानिक

(B) दार्शनिक

(C) व्यावहारिक समीक्षा संबंधी

(D) सैद्धांतिक समीक्षा संबंधी

133. 'कुबेरनाथ राय ने परंपरागत भारतीय जीवन और संस्कृति को आधुनिक दृष्टि से देखने-समझने की चेष्टा की है ।' यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) रामविलास शर्मा (B) नामवर सिंह
(C) रामचंद्र तिवारी (D) विश्वनाथ त्रिपाठी

134. विद्यानिवास मिश्र के निबंध-संग्रह 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है'—का प्रकाशन-वर्ष क्या है ?

(A) 1954 ई. (B) 1964 ई.
(C) 1974 ई. (D) 1984 ई.

135. 'प्रतापनारायण मिश्र के निबंधों में मननशीलता का अभाव है ।' यह कथन किसका है ?

(A) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
(B) रामचंद्र तिवारी
(C) नामवर सिंह
(D) विश्वनाथ त्रिपाठी

136. "वे गाँवों की अदम्य जिजीविषा के मूर्त रूप हैं ।" रामचंद्र तिवारी का यह कथन किस निबंधकार के बारे में है ?

(A) विवेकी राय
(B) प्रतापनारायण मिश्र
(C) भारतेंदु
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

137. निम्नलिखित में से कौनसा निबंधकार निबंध को व्यक्ति की स्वाधीन चिंता की उपज मानता है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) रामविलास शर्मा
(D) नामवर सिंह

138. 'शिवशंभु के चिट्ठे' द्वारा बालमुकुन्द गुप्त ने किस पर आघात किए हैं ?

(A) लॉर्ड क्लाइव
(B) लॉर्ड डलहौजी
(C) लॉर्ड विलियम बेंटिक
(D) लॉर्ड कर्जन

139. "मनुष्य और आगे बढ़ा । उसने धातु के हथियार बनाए । जिनके पास लोहे के शस्त्र और अस्त्र थे, वे विजयी हुए ।" ये पंक्तियाँ किस निबंध से ली गई हैं ?

(A) शिवमूर्ति
(B) उठ जाग मुसाफिर
(C) नाखून क्यों बढ़ते हैं ?
(D) संस्कृति और सौंदर्य

140. 'यात्रा के लिए निकलती रही है बुद्धि, पर हृदय को भी साथ लेकर ।' अपनी निबंध-रचना के संदर्भ में यह कथन किस निबंधकार का है ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) नामवर सिंह
(D) मुक्तिबोध

141. 'ठकुरी बाबा' रेखाचित्र महादेवी वर्मा की किस कृति में संकलित है ?

(A) अतीत के चलचित्र
(B) स्मृति की रेखाएँ
(C) पथ के साथी
(D) मेरा परिवार

142. प्रेमचंद की माताजी का क्या नाम था ?
(A) अवन्तीबाई (B) आनंदी देवी
(C) ललिता (D) सुशीला देवी

143. "यह सच है कि मैं किसी पंथ से न तब जुड़ी थी, न बाद में.....................मेरा जुड़ाव अगर रहा है तो अपने देश से...................।" यह किसका कथन है ?
(A) ममता कालिया (B) शिवरानी देवी
(C) महादेवी वर्मा (D) मन्नू भंडारी

144. 'आवारा मसीहा' का प्रकाशन वर्ष है :
(A) 1974 (B) 1964
(C) 1954 (D) 1976

145. "जहाँ जनता जातियों में बँटी हो वहाँ पारस्परिक ईर्ष्या-द्वेष, अपने गुण और दूसरों के दोष देखने की प्रवृत्ति बड़ी स्वाभाविक है ।" उक्त पंक्ति हरिवंश राय बच्चन की किस आत्मकथा से उद्धृत है ?
(A) बसेरे से दूर
(B) नीड़ का निर्माण फिर
(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ
(D) दशद्वार से सोपान तक

146. हरिशंकर परसाई के व्यंग्य 'भोलाराम का जीव' में भोलाराम किस शहर से संबंधित है ?
(A) जबलपुर (B) नासिक
(C) भोपाल (D) इंदौर

147. 'जामुन का पेड़' कृशनचंदर की किस विधा की रचना है ?
(A) रिपोर्ताज (B) रेखाचित्र
(C) संस्मरण (D) हास्य-व्यंग्य कथा

148. "अत्यंत प्राचीन काल में आर्य, द्रविड़, आदिवासी और मंगोल इन चार जातियों को लेकर भारतीय जनता की रचना हुई थी ।" यह पंक्ति किस पुस्तक से उद्धृत है ?
(A) मेरी तिब्बत यात्रा
(B) अरे यायावर रहेगा याद
(C) संस्कृति के चार अध्याय
(D) एक साहित्यिक की डायरी

149. "संसार के दुख को वह हर वक्त इतना अनुभव करता था कि उसके लिए हँसना हराम था।" किस यात्रा-वृत्तांत की पंक्ति है ?
(A) मेरी तिब्बत यात्रा
(B) मेरी लद्दाख यात्रा
(C) अरे यायावर रहेगा याद !
(D) रूस में पच्चीस मास

150. 'सब ठाठ धरा रह जाता; धन बस दूर क्षितिज का तारा !' उक्त पंक्ति किस पुस्तक से उद्धृत है ?
(A) एक साहित्यिक की डायरी
(B) मेरी तिब्बत यात्रा
(C) अरे यायावर रहेगा याद !
(D) एक बूँद सहसा उछली

mpcareer.in

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer.in

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

## रफ़ कार्य के लिए जगह

mpcareer.in